# खेलों से धैर्य और संजीदगी से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है : शुक्ल

## पशु चिकित्सा महाविद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ, घुड़सवारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 दिसम्बर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेलों से धैर्य और संजीदगी से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है. खेल के मैदान की खेल भावना जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है. श्री शुक्ल ने पशु चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में 18वीं वार्षिक इंटरक्लास खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. उन्होंने खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर तथा मशाल प्रज्जवलित का प्रतियोगिता का शुभारंभ किया.**



पशु चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल हमें अंतरिक शक्ति देते हैं तथा खेल के मैदान से मिली सीख हमारे व्यक्तित्व को निखारती है. उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागी हारने वाले को भी बधाई देकर आगे बढ़ने की कामना करता है.

खेल के मैदान में मानव के अवगुण जैसे ईर्ष्या, द्वेष व जलन खेल भावना के कारण दूर हो जाती है और सभी खिलाड़ी आपस में भाईचारे के साथ खेलों में भाग लेते हैं. उप मुख्ममंत्री ने कहा कि मनुष्य का जीवन पशुधन के बिना अधूरा है. पशु चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं यह प्रशंसनीय है. उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह हर क्षेत्र में आगे बढ़े और विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें. इससे पूर्व पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलगुरू मनदीप शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से ही रीवा ने हर क्षेत्र में प्रगति की है.

उन्होंने कहा कि खेलों से हमें अनुशासन और टीम भावना की सीख मिलती है. खेलों में भाग लेना जरूरी है हार और जीत खेल के हिस्से हैं. खिलाड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी घुड़सवार छात्रों ने घुडसवारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्यार्थी परिषद डॉ. रघुराज तिवारी, पूर्व डीन एसपी शुक्ल, प्राचार्य मौजूद रहे.

# मामला अटल जी की प्रतिमा का : निर्माण स्थल पर फाइबर की प्रतिमा देख भड़के महापौर, दर्ज कराई आपत्ति

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 दिसम्बर, शहर के अटल पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा लगाने की तैयारी चल रही है. प्रतिमा को लेकर रीवा महापौर ने आपत्ति दर्ज कराई है.**

दरअसल नगर निगम द्वारा जारी टेंडर में प्रतिमा धातुओं से निर्मित करने की शर्त रखी गई थी, जबकि मूर्तिकार द्वारा फाइबर से प्रतिमा तैयार किए जाने की जानकारी सामने आई है. शुक्रवार को महापौर अजय मिश्रा प्रतिमा निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे. जहा फाइबर की प्रतिमा देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और नगर निगम के अधिकारियों व प्रतिमा तैयार करने वालों को कड़ी फटकार लगाई. महापौर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी न केवल देश के पूर्व प्रधानमंत्री थे, बल्कि भारत रत्न सम्मान से विभूषित भी हैं. उनकी प्रतिमा के निर्माण में किसी भी प्रकार का समझौता या खिलवाड़ वर्दाश्त नहीं किया जाएगा. महापौर ने इस संबंध में कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर स्पष्ट किया कि प्रतिमा के अनावरण में किसी भी प्रकार की जल्दबाजी नहीं की जाए. प्रतिमा का निर्माण नगर निगम की राशि से कराया जा रहा है, इसलिए निर्माण पूर्ण होने के बाद धातुओं का परीक्षण



विशेषज्ञों से कराया जाएगा. निरीक्षण के दौरान महापौर ने अटल पार्क परिसर का भी अधिकारियों के साथ अवलोकन किया. पेडेस्टल निर्माण कार्य अधूरा पाए जाने पर उन्होंने निर्देश दिए कि गुणवत्ता के साथ इसे समय-सीमा में पूरा किया जाए. महापौर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सर्वमान्य नेता रहे हैं और उनका सम्मान सभी राजनीतिक दल करते हैं, इसलिए प्रतिमा का अनावरण भी भव्य तरीके से किया जाएगा. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण आगामी 25 दिसंबर को प्रस्तावित है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का रीवा दौरा संभावित होने के कारण उनसे ही अनावरण कराने की तैयारी की जा रही है.

### महापौर ने आयुक्त-कलेक्टर और पीएस को लिखा पत्र

महापौर अजय मिश्रा ने पत्र लिखकर प्रतिमा निर्माण पर आपत्ति दर्ज कराई है. उन्होंने नगर निगम आयुक्त को पत्र भेजकर कहा है कि टेंडर की शर्तों के अनुसार ही प्रतिमा का निर्माण कराया जाए. यदि धातु की जगह फाइबर की प्रतिमा स्थापित की गई तो इससे न केवल नगर निगम की छवि प्रभावित होगी, बल्कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति आस्था रखने वाले लोग भी आहत होंगे. इस संबंध में महापौर ने नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव और कलेक्टर को भी पत्र भेजकर मूल प्रतिमा के ही अनावरण की मांग की है. गौरतलब है कि अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा निर्माण के लिए नगर निगम ने मेसर्स अवध शिल्प केंद्र के प्रोपराइटर देवेंद्र सिंह बाओनी को 94.72 लाख रुपए का टेंडर दिया है. इसे मेयर इन काउंसिल ने 16 जनवरी 2025 को और परिषद ने 24 मार्च 2025 में स्वीकृति दी थी. नगर निगम द्वारा 21 नवंबर को वर्क ऑर्डर जारी किया गया, जिसमें 12 माह के भीतर प्रतिमा तैयार करने की समय-सीमा निर्धारित है. इस प्रकार मूर्तिकार के पास अभी लगभग एक वर्ष का समय शेष है. वहीं अटल पार्क में प्रतिमा स्थापना के लिए पेडेस्टल निर्माण का अलग ठेका मघहरिया इंटरप्राइजेज को 8.07 लाख रुपए में दिया गया है, जिसका वर्क ऑर्डर 24 अक्टूबर को जारी हुआ था. इस निर्माण कार्य की अवधि तीन माह निर्धारित की गई है.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री ने कंबल वितरित किये

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग में पुजारियों एवं आचार्यों को कंबल वितरित किये. उन्होंने लक्ष्मणबाग गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों को कंबल का वितरण किया. भारतीय रेडक्रास सोसायटी इकाई रीवा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, डॉ. राजेश मिश्रा उपस्थित रहे.

### राकेश तिवारी के निधन पर कांग्रेस ने जताया शोक



**रीवा,** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण रीवा के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष राकेश तिवारी के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस ने दु:ख व्यक्त करते हुए पार्टी के लिये अपूर्णनीय क्षति बताया है और कहा कि कांग्रेस के प्रति श्री तिवारी समर्पित थे और संगठन को मजबूत करने में उनका बड़ा योगदान रहा. जिलाध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू, सेमरिया विधायक अभय मिश्रा, रीवा महापौर अजय मिश्रा बाबा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कविता पाण्डेय, विद्यावती पटेल, डॉ शीला त्यागी, विमलेन्द्र तिवारी, डॉ अरूणा तिवारी, बबिता सकेत, रमाशंकर सिंह पटेल, कपिध्वज सिंह, रामगरीब बनवासी, सरदार प्रहलाद सिंह, संगठन मंत्री रवि तिवारी, सज्जन पटेल, बृजभूषण शुक्ला, गिरीश सिंह, शिव प्रसाद प्रधान, गुरूमीत सिंह मंगू, सत्यनारायण तिवारी, लखनलाल खण्डेलवाल, शहीद मिस्त्री, लल्लन खान, चक्रधर सिंह, हर्षलाल शुक्ला, एड. शशि कुमार पाण्डेय, बृजवासी प्रसाद मिश्रा, प्रदीप अवस्थी, सुरेश वर्मा, जी पी त्रिपाठी, पार्षद धनेन्द्र सिंह बघेल, रवि तिवारी, रामप्रकाश तिवारी डैडू, आरती बक्सरिया ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी.

### उप मुख्यमंत्री ने आमजनों की समस्यायें सुनीं

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजनिवास न्यू सर्किट हाउस रीवा में स्थानीय जनों की समस्यायें सुनीं. उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक कार्यवाही के निर्देश दिये.

### जनपद पंचायत गंगेव में दो मतदान केन्द्रों में परिवर्तन

**रीवा,** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की अनुशंसा के बाद जनपद पंचायत गंगेव में ग्राम पंचायत बड़ोखर तथा खरहरी में मतदान केन्द्रों के स्थान में परिवर्तन किया गया है. इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि ग्राम पंचायत बड़ोखर में शासकीय प्राथमिक शाला में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 70 को सामुदायिक भवन बड़ोखर में स्थापित किया गया है. ग्राम पंचायत खरहरी में शासकीय प्राथमिक शाला में स्थापित मतदान केन्द्र क्रमांक 41 को ग्राम पंचाय भवन खरहरी में स्थापित किया गया है. यह कार्यवाही मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के तहत की गई है.

### ईव्हीएम का रेण्डमाईजेशन आज

**रीवा,** पंचायतों के उप चुनाव तथा नगरीय निकाय के उप चुनाव में मतदान के लिए ईव्हीएम का उपयोग किया जाएगा. मतदान के लिए तैयार की जा रही ईव्हीएम का 20 दिसम्बर को दोपहर 12.30 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज रीवा में रेण्डमाईजेशन किया जाएगा. रेण्डमाईजेशन के बाद संबंधित रिटर्निंग आफीसर दोपहर 3 बजे ईव्हीएम प्राप्त करके उसे स्ट्रांग रूम में सुरक्षित भण्डारित कराएंगे. इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने बताया कि रेण्डमाईजेशन तथा मशीनों के सुरक्षित भण्डारण की वीडियोग्राफी की जाएगी. ईव्हीएम का उपयोग नगर परिषद सेमरिया के अध्यक्ष तथा वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद पद, जिला पंचायत सदस्य के वार्ड क्रमांक 16 के सदस्य पद तथा ग्राम पंचायत महमूदपुर एवं जरहा के सरपंच पद के मतदान के लिए किया जाएगा. मतदान 29 दिसम्बर को होगा.

### रोजगार मेला 24 को मऊगंज में

**मऊगंज,** युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय ठाकुर सोमेश्वर सिंह महाविद्यालय नईगढ़ी में 24 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा. साथ ही समय पर पहुंचकर पंजीयन कराए.

### कलेक्टर ने निज सहायक को किया भारमुक्त

**मऊगंज,** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने कलेक्टर कार्यालय में कार्यरत निज सहायक पंकज श्रीवास्तव को उनके मूल विभाग उच्च शिक्षा के लिए कार्यमुक्त कर दिया है. पंकज श्रीवास्तव अब शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में अपनी सेवाएं देंगे.

# सेमरिया में तीन मतदान केन्द्र के स्थल में परिवर्तन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 दिसम्बर, नगर परिषद सेमरिया में नगरीय निकाय के निर्वाचन के लिए स्थापित तीन मतदान केन्द्रों के स्थान में परिवर्तन किया गया है.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर परिषद सेमरिया में वार्ड क्रमांक 7 के लिए तहसील राजस्व भवन का मतदान केन्द्र क्रमांक 7 अब आंगनवाड़ी केन्द्र वार्ड क्रमांक 8 बी में स्थापित किया गया है. वार्ड क्रमांक 12 का मतदान केन्द्र क्रमांक 12 वन विभाग पुराना कार्यालय भवन को अब अनुसूचित जाति कन्या आश्रम में स्थानांतरित किया गया है.

वार्ड क्रमांक 13 का मतदान केन्द्र क्रमांक 14 नगर परिषद सेमरिया जनगणना कक्ष के भाग दो में स्थापित था. इसे अब आंगनवाड़ी केन्द्र भवन वार्ड क्रमांक 13 बी में स्थापित किया गया है. अब नवीन भवनों में ही इन तीनों मतदान केन्द्रों को स्थापित माना जाएगा. नगर परिषद के संबंधित वार्डों में भी मतदान केन्द्र परिवर्तन की सूचना चस्पा कर दी गई है. स्थान परिवर्तन की कार्यवाही नगर पालिका निर्वाचन नियम 1994 के तहत की गई है.



# महामंडलेश्वर के बयान पर एनएसयूआई ने ज्ञापन सौंप कर जताई आपत्ति

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 दिसम्बर, एपीएस विश्वविद्यालय में हाल ही में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान विश्व हिंदू परिषद के महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विचारधारा पर की गई टिप्पणी को विरोध में एनएसयूआई ने रीवा कमिश्नर को ज्ञापन सौप कर आपत्ति दर्ज कराई है.**

जिला उपाध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि कार्यक्रम में महामंडलेश्वर द्वारा महात्मा गांधी की अहिंसा की विचारधारा पर टिप्पणी करते हुए कहा गया कि 'एक गाल पर तमाचा लगने के बाद दूसरा गाल बढ़ाने की बात व्यावहारिक नहीं है.' यह वक्तव्य न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विचारधारा का अपमान है, बल्कि इसे हिंसा को बढ़ावा देने वाला बताया गया है. साथ ही यह भी बताया कि विश्वविद्यालय, स्कूल एवं कॉलेज ऐसे स्थान हैं जहां सभी जाति, धर्म और वर्ग के छात्र-छात्राएं भाईचारे और सौहार्द के साथ शिक्षा ग्रहण करते हैं. ऐसे मंचों से धर्म या विचारधारा के नाम पर उन्माद फैलाने वाले वक्तव्य देना अनुचित है. एनएसयूआई ने प्रशासन से मांग की है कि महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद जी को नोटिस जारी कर उनके बयान पर स्पष्टीकरण लिया जाए तथा सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई जाए. ज्ञापन में जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, शशिमोल तिवारी, बलराम तिवारी, शक्ति पाठक, विशू वर्धन सिंह, नित्कर्ष मिश्रा, संजीव शुक्ला, अमर शुक्ला, अनुराग सिंह मौजूद रहे.

# ई अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज न करने वाले शिक्षकों पर होगी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 दिसम्बर, कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की. कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए सभी शिक्षक ई अटेंडेंस से उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं.**

जो शिक्षक ई अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज न करें उनके विरूद्ध संकुल प्राचार्य और जिला शिक्षा अधिकारी



कार्यवाही करें. शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयास करें. सभी प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि बोर्ड परीक्षाओं तथा अन्य कक्षाओं के परीक्षा परिणाम पिछले साल की तुलना में बेहतर हों. परीक्षा परिणाम बेहतर करने के लिए कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दें. रेमेडियल कक्षाएं नियमित रूप से संचालित करें. बीईओ तथा संकुल प्राचार्य इन कक्षाओं का नियमित रूप से निरीक्षण करें. प्राचार्यों और शिक्षकों ने दो माह बच्चों पर विशेष ध्यान दे दिया तो कई बच्चों का भविष्य सुधर जाएगा. कलेक्टर ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी भी स्कूलों का नियमित रूप से निरीक्षण करें. शिक्षकों के साथ-साथ अन्य कर्मचारियों की भी उपस्थिति भी ई अटेंडेंस से दर्ज कराएं. बैठक में डीईओ आदि मौजूद रहे.

# कृषि विज्ञान केन्द्र का छात्रों ने किया भ्रमण

**रीवा, 19 दिसम्बर,** कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा में विद्यालय शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक सांदीपनि विद्यालय मनगवां जिला रीवा मध्य प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा कृषि ट्रेड के छात्रों ने किया भ्रमण. केंद्र की वैज्ञानिक मंजू शुक्ला एवं डा सी जे सिंह ने छात्रों को विषयवार तकनीकी जानकारी प्रदान की द्यप्राचार्य के सी अवधिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम संपन्न हुआ. व्यावसायिक प्रशिक्षक कृषि आदर्श सिंह पटेल भी उपस्थित रहे.

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में दिखी भारत की बहुरंगी संस्कृति

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 दिसम्बर, एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत रीवा नगर में स्थित शासकीय उ.मा.वि. बदरांव में बच्चों को शामिल करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने देश विविध राज्यो की कला, संस्कृति व विशेषताओं की जानकारी दी गई. छात्रों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक नृत्यों की भी प्रस्तुति दी गई.

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य आरके जैन द्वारा की गई एवम सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदाय किये गए. कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई. कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय की माध्यमिक शिक्षक अदिति पाठक ने बताया कि शासन द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में रहने वाले विविध संस्कृतियों के लोगों के बीच सक्रिय रूप से बातचीत को बढ़ावा देना है, जिसका उद्देश्य उनके बीच अधिक आपसी समझ को बढ़ावा देना है. यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है. कार्यक्रम का संयोजन माध्यमिक शिक्षक अनीता शर्मा द्वारा किया गया. कार्यक्रम में विद्यामणि शुक्ला, लछू बसोर मौजूद रहे.

# पुलिसकर्मी कैसे तनाव मुक्त और मानसिक स्वस्थ्य रहे दी गई टिप्स

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 दिसम्बर, पुलिस परेड ग्राउंड में तीन दिवसीय तनाव मुक्ति एवं ध्यान केन्द्र का आयोजन किया जा रहा है. पुलिस बल के मानसिक स्वास्थ्य आंतरिक संतुलन एवं कार्यक्षमता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से यह तीन दिवसीय शिविर चल रहा है.**

पुलिस कर्मियों को मानसिक रूप से सशक्त तनावमुक्त एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से युक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. किस तरह से मानसिक



स्वस्थ्य और तनाव मुक्त रहे इसकी जानकारी विशेषज्ञो द्वारा दी गई और बताया गया कि हर परिस्थिति में मानसिक रूप से खुश रहना चाहिए. पुलिस सेवा अत्यंत चुनौतीपूर्ण दबावपूर्ण एवं जिम्मेदारीपूर्ण होती है. निरंतर ड्यूटी कानून-व्यवस्था की चुनौतियाँ आपातकालीन परिस्थितियाँ एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों के कारण पुलिस कर्मियों पर मानसिक एवं भावनात्मक दबाव बना रहता है. इन्हीं तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए जिला पुलिस द्वारा यह प्रयास किया गया है कि पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ध्यान योग एवं मानसिक एकाग्रता के माध्यम से तनाव से मुक्ति प्राप्त कर सकें. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्र मौजूद रहे.

# सीईओ जिला पंचायत ने 5 खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 दिसम्बर, जिले भर में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से धान का उपार्जन किया जा रहा है.**

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करके उपार्जन की व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है. इस क्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जिले के 5 धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया. श्री गुर्जर ने उपार्जन केन्द्र मटियारा, चाकघाट कृषि उपज मण्डी, ढखरा नम्बर दो, अमिलिया, मांगी एवं रायपुर सोनौरी का निरीक्षण किया. निरीक्षण के समय एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी तथा अन्य अधिकारी उनके साथ रहे. श्री गुर्जर ने खरीदी केन्द्र में किसानों से उपार्जन के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली. अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने उपार्जन केन्द्र जवा और चौखण्डी का निरीक्षण किया. अन्य राजस्व अधिकारियों द्वारा भी खरीदी केन्द्र उमरी, रायपुर, अमवा आदि का निरीक्षण किया.



# अधिकतम तापमान में आई गिरावट और न्यूनतम तापमान में उछाल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 दिसम्बर, जिले में दो दिन से हाड कपाने वाली ठंड पड़ रही है, तापमान में भले ही गिरावट नही आई.**

लेकिन शीत लहर के चलते गलन भरी ठंड बढ़ गई है. अन्य दिनो के अपेक्षा शुक्रवार को दिन के अधिकतम तापमान में सामान्य से 7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है. दिन का अधिकतम तापमान 20.8 रहा, जो कि सीजन का सबसे नीचे का तापमान है. लिहाजा दिन में गलन भरी ठंड बनी रही. वही रात का न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री रहा. तेजी से तापमान में साढ़े 3 डिग्री का उछाल आया है. गौरतलब है कि जिले में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है, कभी तापमान में गिरावट तो कभी उछाल आ रहा है. न्यूनतम तापमान में उछाल आने के बाद भी ठंड का असर कम नही हुआ. वही अन्य दिनो के अपेक्षा दिन का अधिकतम तापमान नीचे खिसक गया है. गुरूवार को जहा 24.5 डिग्री तापमान था वही शुक्रवार को 20.8 डिग्री अधिकतम तापमान रहा, कोहरे से राहत नही. सुबह हल्का धुंध था लेकिन सूर्य की किरणो के साथ धुंध गायब हो गया. दरअसल उत्तर भारत में हुई बर्फबारी के चलते अचानक गलन भरी ठंड बढ़ गई है और शीत लहर ने ठंड को बढ़ा दिया है. मौसम विभाग की माने तो दिसम्बर के अंत तक तापमान में और गिरावट आएगी साथ ही कोहरा भी अपना असर दिखाएगा. नगर निगम द्वारा शहर के 17 स्थानो पर अलाव की व्यवस्था की गई है ताकि लोगो को ठंड से राहत मिल सके.